दिल्ली पब्लिक स्कूल जम्मू

सत्र 2024-25

अभ्यास कार्य पत्र(3)

माह-अक्टूबर

कक्षा-छठी **विषय - हिंदी**

प्र•1निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए:-

चिड़ियाघर के जानवरों को देखकर मेरे मन में अनेक सवाल उठते हैं। ये बेज़ुबान अपने बंधनों की कहानी किसी को बता भी सकते,न जाने कब से यहाँ रह रहे हैं। कभी-कभी मुझे लगता है कि उनकी आँखों से आँसू बह रहे हैं। ये सभी जीव अपनी इच्छा के अनुसार नहीं रह पाते।इनके लिए जो वातावरण प्रकृति में सुखकर है, यह चिडियावर में नहीं मिल पाता। इन जीवों ने हमारी धरती को सुंदर और सुखकर बनायाहै। शेर चीता, भालू, बंदर, खरगोश, साँप, मगरमच्छ तथा मछलियाँ जल-थल की शोभा हैं। रंग-बिरंगे पक्षी, तितलियाँ,भँवरे आदि से केवल शोभा ही नहीं बढ़ती, ये हम सभी के लिए उपयोगी हैं। हमें जीवों की रक्षा करनी चाहिए। यदि हम इन जीवों पर अत्याचार करेंगे,तो प्रकृति भी हमसे नाराज़ हो जाएगी।

1)कहाँ के जानवरों को देखकर मन में अनेक सवाल उठते हैं?

क)जंगल के ख)चिड़ियाघर के ग) सर्कस के घ) गौशाला के

2)किसकी आँखों से आँसू बह रह हैं?

क)मनुष्य ख) औरत ग) बच्चे घ) जानवर

3)गद्यांश में सम्मिलित ‘थल’शब्द का पर्यायवाची है:-

क) ज़मीन ख) आकाश ग) पाताल घ) पहाड़

4)जल-थल की शोभा किन से है?

5)यदि हम इन जीवों पर अत्याचार करेंगे तो क्या होगा?

प्र•2 दिए गए प्रश्नों के उत्तर निदेशानुसार लिखें?

1)विशेषण के कितने भेद हैं?

2)जो शब्द, संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं,_________ कहलाते हैं।

3) निम्नलिखित रेखांकित शब्दों को पढ़कर विशेषण का भेद बताइए:-

क)माँ ने **दो मीटर** कपड़ा लाया।

ख)**कोई** आ रहा है।

ग) लक्ष्य **ईमानदार** बच्चा है।

प्र•3 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 60-70 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।

⁎पर्यावरण सुरक्षा⁎

संकेत बिंदु

⁎प्रदूषण समाप्त करना अनिवार्य

⁎पेड लगाना

⁎पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक

⁎धुआँ मुक्त यातायात के साधनों का प्रयोग अधिक

प्र•4 दीवाली के त्योहार पर पटाखों के इस्तेमाल से होने वाले नुकसान के बारे में दो मित्रों के बीच होने वाला संवाद लिखिए।

प्र•5 कविता प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रधानाचार्या जी को प्रार्थना पत्र लिखिए।